सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 20 आषाढ़ 1936 (श0) / 11 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 94**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 44 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 32 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 07 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 94 |

विकसित करना

*605. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड के मसाढ़ ग्राम में ऐतिहासिक बारासूर के पोखरा के किनारे भवानी देवी जी का मंदिर एवं जैन मंदिर 600 वर्ष पुराना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मँदिरों के अस्तित्व को बचाने के लिये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*606. (डॉ0) मो0 जावेद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के सोनपुरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का मकान 1984 के बाढ़ में ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र अभी दूसरे के घर में चल रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*607. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल, विक्रमगंज का भवन एवं चहारदीवारी विगत 7-8 वर्षों से काफी जर्जरावस्था होने से चिकित्सकों एवं मरीजों को काफी असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पत्रांक 105, दिनांक 5 जुलाई, 2012 द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

मुआवजा देना

*608. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महेषी अंचल के ग्राम गनडौल में बाढ़ और फेलिन तूफान के दौरान 8 सितम्बर, 2013 को दिसील कुमार, पिता मनोज सुतीहार तथा स्वेता कुमारी, पिता-दीप ना0 शर्मा की मृत्यु बाढ़ के पानी में डूबकर हो गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*609. <u>श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में एलोपैथी, होमियोपैथी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के अतिरिक्त वैकल्पिक चिकित्सा के तौर पर एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रणाली भी संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, न्यू सचिवालय अस्पताल सहित राज्य के जिला एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रणाली में इंटरमीडिएट योग्यताधारी एक्यूप्रेशर प्रशिक्षितों द्वारा अपने नाम के पूर्व थेरापीस्ट के स्थान पर डॉक्टर की उपाधि लगाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*610. <u>श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के रघुनाथरवाप, इटवाँ, विरहिया, गुरारू प्रखंड के रौना, पलाकीरूखी, पत्थरा गरज विगहा, दधपा, गाँव का ट्रांसफॉर्मर वर्ष 2010 से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित टोलों में नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली देना

*611. <u>श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ सुनील पाण्डेय</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पावर ग्रिड, विक्रमगंज, रोहतास से प्रखण्ड पीरो, भोजपुर के पावर सब-स्टेशन को जोड़ा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर ग्रिड विक्रमगंज, रोहतास में बिजली पावर कम रहने के कारण पावर-सब-स्टेशन पीरों को आवश्यकता से कम बिजली सप्लाई की जाती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पावर ग्रिड, विक्रमगंज, रोहतास में माँग के अनुरूप बिजली देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

*612. <u>श्रीमती गुड्डी देवी</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के फुलवरिया, मोरसंड (उत्तरी टोला) भादा टोला सहित 96 ग्रामों/टोलों का विद्युतीकरण अभीतक नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों/टोलों के विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*613. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "टार्गेट फेल नहीं लगे डिजिटल मीटर" को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित पटना में आम लोगों के घर में लगे बिजली के मीटर जैंपिंग जैक बने हुए है और बिजली के बिल लाखों करोड़ों के आ रहे है, पर खराब पुराने मीटरों को बदलने का काम नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली विभाग के सी0एम0डी0 ने 31 मई, 2014 तक शहर में खराब पड़े पुराने इलेक्ट्रो मेकनिकल मीटर 2 लाख बदलने का समय निर्धारित किया जिसमें आजतक मात्र 22 हजार मीटर ही बदले जा सके हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इस सम्बन्ध में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अबतक कौन-सी कार्रवाई की है, और नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वास कराना

*614. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला खरीक प्रखंड के नवादा हरिजन टोला के लोग 2004 से ही कटाव से पीड़ित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कटाव पीड़ित लोगों के लिये पुनर्वास का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् कनेक्शन देना

*615. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ बिन्द सरमेरा एवं कतरीसराय प्रखंडों के गाँवों में विद्युत् कनेक्शन लेने हेतु ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के ग्रामीणों को विद्युत् कनेक्शन देने हेतु विशेष कैम्प की व्यवस्था कर विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*616. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के विराटपुर अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत् दो वर्षों से काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नया ट्रांसफॉर्मर लगाना

*617. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखंड के ग्राम-लहटा, तुमौल, सुहत एवं तुमौल गाँव के डिहरी टोला में बी0पी0एल0 का लाइन दिया गया था जो 6 महीना सुचारू रूप से चलने के बाद तीन साल पहले ही ट्रांसफॉर्मर जल गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जले ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*618. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर प्रखंड मुंगेर के टीकापुर पंचायत में वर्ष, 2009 में विद्युतीकरण हेतु पोल, तार आदि लगाये जा चुके हैं, परन्तु विद्युत् उपभोक्ताओं को आजतक विद्युत् की आपूर्ति नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार टीकापुर पंचायत के लोगों को कब से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पदों को भरना

*619. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--दिनांक 24 फरवरी, 2014 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''14 मिस्त्रियों के भरोसे बिजली विभाग'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है समस्तीपुर शहरी क्षेत्र में बिजली के रख-रखाव हेतु मात्र 14 बिजली मिस्त्री-कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवश्यकता के अनुरूप बिजली मिस्त्री व अन्य कर्मी नहीं रहने से विद्युत् संचरण कार्य में भारी लापरवाही होती है जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3)यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली मिस्त्रियों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*620. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला बिस्फी प्रखंड के नाहस, बिस्फी, दुर्जोलिया, नरसाम एवं रहिका प्रखंड के चन्द्रसैनपुर, इजरा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के लिये सभी अर्हताएं पूरी करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*621. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा विधान-सभा के सभी 11 के0 भी0 ए0 एवं 440 वोल्ट के जर्जर तार को वित्तीय वर्ष 2012-13 में बदलने की सरकारी योजना थी, यदि हाँ, तो क्या तेघड़ा विधान-सभा के सभी 11 के0 भी0 ए0 एवं 440 वोल्ट के जर्जर तार को अभीतक नहीं बदलने का क्या औचित्य है ?

---

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*622. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत फरछदिया ग्राम में दस वर्ष पहले शुरू किये गये विद्युत् पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

लाभ देना

*623. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के धरमपुर मुहल्ला में अप्रैल, 2014 में भीषण आगजनी की घटना घटी जिसमें लगभग पचास घर जल गये तथा लोगों को भारी आर्थिक क्षति हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वे लोग खुली आकाश के नीचे जीवन-यापन करने के लिये बाध्य हैं परन्तु अभीतक विशेष इन्दिरा आवास योजना का लाभ पीड़ित परिवारों को नहीं उपलब्ध कराया जा सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेघर हुये पीड़ित परिवारों को विशेष इन्दिरा आवास योजना के तहत लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलना

*624. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान विधान-सभा क्षेत्र के बिरौल प्रखण्ड के हाटी ग्राम में बिजली का तार पुराना रहने के कारण बराबर टूट जा रहे हैं जिससे करेंट लगने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है, यदि हाँ, तो प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बावजूद आजतक पुराने तार को नहीं बदलने का क्या औचित्य है ?

विद्युत् कनेक्शन देना

*625. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-बिन्डी डीह में पावर विद्युत् ग्रिड संचालित है जिससे आस-पास के लगभग बीस ग्रामों को विद्युत् आपूर्ति होती है किन्तु पास के ही ग्राम चंडीमी, कमल बिगहा, वक्स, शाहपुर इत्यादि दस ग्रामों को कृषि कार्य हेतु विद्युत् आपूर्ति नहीं होता है क्योंकि दो फेज ही तार लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तीन फेज तार लगाकार उक्त ग्राम के किसानों को कृषि कार्य हेतु विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण कराना

*626. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्ड में अवस्थित व्यवहार न्यायालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण मामले की सुनवाई में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित व्यवहार न्यायालय के भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वा0 केन्द्र के भवन का निर्माण

*627. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नौटन प्रखण्ड के ग्राम पंचायत झरवरा स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है जिससे आम जनता को चिकित्सा कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली लगाना

*628. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के मनोर भौराम पंचायत एवं बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0 8 चौगमा में बिजली की सुविधा नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोनों स्थानों पर बिजली लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

* 629. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गदपुरा प्रखंड के अधीन रजौर पोखर पर करीब पचास हजार लोग छठ पूजा में भाग लेते हैं परन्तु घाट नहीं रहने के कारण भक्तों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखर में घाट का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वा0 केन्द्र की स्थापना

* 630. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुसार सभी प्रखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र होना आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत चानन प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चानन प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नया ट्राँसफॉर्मर लगाना

* 631. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड अन्तर्गत आतानगर पंचायत के ग्राम-आतानगर (बेला) तथा विशुनपुरा का 63 के0वी0 का ट्राँसफॉर्मर 5 वर्षों पूर्व से जला हुआ है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर नया ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

* 632. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किसनपुर में स्थापित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वा0 केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पावर ग्रिड की स्थापना

* 633. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड में पावर ग्रिड नहीं रहने के कारण आमजनों को विद्युत् आपूर्ति सही समय पर नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार फतेहपुर प्रखंड में एक पावर ग्रिड की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

* 634. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत मानिकपुर मुशहरनिया ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय 2006 में ही सरकार ने लिया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वा0 केन्द्र खोलना

* 635. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के महुअवा गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिस कारण वहाँ के लोगों को इलाज हेतु 20 कि0मी0 दूरी तय कर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महुअवा गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

* 636. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा में मरे हुये व्यक्ति के परिवार को 24 घंटे के अंदर मुआवजे के रूप में 1 लाख रुपये देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम-देवाईचकुंडी के मास्टर बिन्द की मृत्यु दिनांक 10 सितम्बर, 2013 को भीषण बाढ़ में डूबने से हो गयी थी परन्तु अभीतक मृतक के परिवार को मुआवजा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त मृतक के परिवार को मुआवजा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराना

*637. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखण्ड के ग्राम धमवारा के दक्षिणी भाग में लगा ट्राँसफॉर्मर के जल जाने के कारण विगत एक वर्ष से विद्युत् आपूर्ति बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक जले ट्राँसफॉर्मर के स्थान पर नया ट्राँसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*638. श्री दिनेश प्रसाद—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत ग्राम कोदरिया हरसेर, घोसौत, टेंघरारी, रामपुर रतन, नकनेमा, महदईया सहित लगभग 50 गाँवों में जले हुए एवं चोरी गये ट्रांसफॉर्मर लगाने की अनुशंसा प्रश्नकर्ता द्वारा छः माह पूर्व की गयी परंतु आजतक एक भी ट्राँसफॉर्मर नहीं लगाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी अनुशंसित ट्राँसफॉर्मरों को लगाने एवं शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

*639. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत भेड़मारा गाँव में अक्टूबर, 2013 को बिजली का पोल गाड़ा गया है परन्तु तार नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तार लगवाकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार बदलना

*640. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि हथुआ विधान-सभा के अन्तर्गत मीरगंज विद्युत् सब स्टेशन से सरकार को लगभग 70,00,000 (सत्तर लाख रुपये) प्रतिमाह राजस्व की प्राप्ति होती है परन्तु विभाग द्वारा इस सब-स्टेशन को मात्र 4 से पाँच मेगावाट विद्युत् की आपूर्ति की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् सब-स्टेशन, मीरगंज में 11 के०भी० एवं 33 के०भी० का तार जर्जर हालत में है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत् सब स्टेशन, मीरगंज को आवश्यकता के अनुरूप विद्युत् उपलब्ध कराते हुये जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य शुरू कराना

*641. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखण्ड के लपाढ़ी शहीद स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु डी०पी०आर० के अनुसार राशि की पहली किस्त का आवंटन भोजपुर जिला पदाधिकारी को दिया जा चुका है परन्तु निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त शहीद स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु निर्माण कार्य शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना एवं तार बदलना

*642. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी रामगढ़, बड़हिया एवं लखीसराय सदर प्रखण्ड में विद्युत् तार काफी जर्जर और पुराना हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि हलसी प्रखण्ड के मोहदीनगर गाँव के 25 मई, 2014 को जर्जर विद्युत् तार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है, यदि हाँ, तो मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने एवं जर्जर तार बदलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

तार पोल बदलना

*643. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल के खड़हरा से धुआवै (चंडिका स्थान) के 11 के०भी०ए० का तार तथा खड़हरा, मदारगंज, धुटियानी आदि 10 ग्रामों का 440 के०वी० का तार 40 वर्ष पूर्व लगाया गया था जो अब जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार पोल को बदलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*644. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत खैरपुर पंचायत के ग्रामीण 2007 08 में गंगा नदी में आये भयंकर बाढ़ से ग्रसित होकर पीड़ित का जीवन व्यतीत कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रामीणों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*645. श्रीमती मंजु कुमारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड अंतर्गत सरसण्ड पूर्वी पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोयलाकुंड पिछले 10 वर्षों से किराया पर महंत सुमंत दास के मठ में संचालित हो रहा है, जो मात्र तीन कमरों का है जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोयलाकुंड का अपना भवन निर्माण कराकर संचालित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् सुविधा बहाल करना

*646. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के परसा गाँव के राजकुमार मंडल, संयोग लाल यादव सहित एक सौ से अधिक लोगों ने चार वर्ष पूर्व बिजली कनेक्शन हेतु राशि विभागीय कार्यालय में जमा किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँव में बिजली का पोल भी गाड़ा जा चुका है तथा ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से 200 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर भी खरीदा जा चुका है, परन्तु अभीतक विद्युत् बहाल नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक परसा गाँव में बिजली सुविधा बहाल कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर लगाना

*647. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड में भवानीपुर में 100 के०भी०ए० के ट्राँसफॉर्मर लगा है, लगभग 250 से ज्यादा उपभोक्ता यहाँपर हैं परन्तु कम क्षमता के ट्राँसफॉर्मर एवं उपभोक्ता अधिक होने से बराबर बिजली की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कम से कम 200 के०भी०ए० का ट्राँसफॉर्मर या एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*648. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत मलहरिया पंचायत के देवता एवं विशुनपुर के गाँव का ट्राँसफॉर्मर विगत 6 माह से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का ट्राँसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*649. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द—दैनिक समाचार के दिनांक 16 जून, 2014 के अंक में शीर्षक "पटना में डेढ़ करोड़ की बिजली रोज बर्बाद" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 42 प्रतिशत बिजली ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन लॉस में बेकार हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य की राजधानी पटना के लिये 400 मेगावाट बिजली रोज खरीदी जाती है जबकि उपभोक्ता को मात्र 250 मेगावाट बिजली ही मिल पाती है जिससे रोजाना 1.80 करोड़ रुपये की बिजली की बर्बादी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली की बर्बादी को रोकने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आपूर्ति करना

*650. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमान नगर प्रखण्ड के काली गाँव में दशमी पंचवर्षीय योजना में तार एवं पोल लगाने का कार्य किया गया था लेकिन बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 12 वर्ष पूर्व लगाये गये तार एवं पोल जर्जर अवस्था में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काली गाँव में जर्जर तार एवं पोल बदलकर बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली विपत्र सुधारना

*651. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बछवाड़ा, मनसूरचक प्रखण्ड स्थित 25 एवं 16 के०भी०ए० का 310 ट्राँसफॉर्मर में 100 ट्रांसफॉर्मर जल चुके हैं तथा शेष ट्राँसफॉर्मर बन्द पड़े हुये हैं, परन्तु बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विपत्र भेजा जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जले ट्राँसफॉर्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति करने के साथ ही गलत बिजली विपत्र में सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति में सुधार

*652. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड में मात्र एक घंटा भी बिजली नहीं रहती है जिसके कारण प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय बरझल्ला, बस्तौल, धरहन, पत्थरवार, काटघर, गौरीपुर, द० लालगंज, उ० लालगंज, केवाला, केहुनियाँ, प्राणपुर तथा सहजा पंचायतों में लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु सरकार की क्या योजना है ?

आदेश अप्राप्त का औचित्य

*653. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में सहरसा जिला अवस्थित सुप्रसिद्ध दिवारी विषहरी स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु पर्यटन विभाग के द्वारा सहरसा जिलाधिकारी को इसका सर्वेक्षण रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया था जो अभीतक अप्राप्त है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------------

हाईटेंशन तार हटाना

*654. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड में स्थित कुडा-नवादा विद्युत् उप-केन्द्र को न्यू एतवारपुर मोहल्ला के बीचोंबीच स्थित 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार द्वारा विद्युत् आपूर्ति की जाती थी किन्तु सात माह पूर्व बन्द कर दूसरे स्रोत से विद्युत् आपूर्ति की जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार न्यू एतवारपुर मोहल्ले के बीचोंबीच स्थित 33 हजार वोल्ट के अनुपयोगी हाइटेंशन तार को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विकसित करना

*655. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत भवानीपुर में अवस्थित उगना महादेव के दर्शन एवं पूजा पाठ हेतु नेपाल सहित देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उगना महादेव स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कार्य शुरू कराना

*656. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत के तरियानी प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13 में मुख्य मंत्री सेतु योजना अन्तर्गत 18 पुलों की निर्माण की स्वीकृति एवं प्राक्कलन राशि की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है, परन्तु आजतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*657. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रामण, बकुनिया कई वर्षों से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार इसे कबतक चालू कराने का विचार रखती है ?

-------------

कार्रवाई करना

*658. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के कृतपुरा, हमीदपुर, सिरसा धानुक टोला, उसरी कुर्मी टोला, शेर दक्षिण टोला, शेर ब्रह्मपुरवा, काशी टेंगराही वृतिया ग्रामों के विद्युतीकरण हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत् गोपालगंज द्वारा पत्रांक 1548, दिनांक 24 दिसम्बर, 2013, पत्रांक 1462, दिनांक 11 दिसम्बर, 2013 एवं पत्रांक 119, दिनांक 20 नवम्बर, 2013 द्वारा योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत कार्यपालक विद्युत् अभियंता, गोपालगंज को कार्यपालक अभियंता योजना गोपालगंज द्वारा वर्ष 2013, अगस्त में 2 करोड़ रुपये उक्त गाँवों के विद्युतीकरण हेतु रुपया उपलब्ध करा दिया गया था;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक गाँवों के विद्युतीकरण नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

-----------

नया ट्रांसफॉर्मर लगाना

*659. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पानापुर प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम चौसा, बेलौर, खजुरी तथा उच्च विद्यालय, कोंध भगवानपुर का 63 के0वी0 का ट्रांसफॉर्मर 5 वर्षों से जला हुआ है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

रेफरल अस्पताल बनाना

*660. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था प्रखण्ड में रेफरल अस्पताल निर्माण होने के लिये राशि उपलब्ध होने के बावजूद उसका निर्माण नहीं होने से आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कुर्था में रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*661. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अंतर्गत डेमार्केट सब्जी मण्डी से रूईधासा पी०डब्लू०डी० पथ चौहाथी तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य में लोकल बालू एवं लोकल चिप्स तथा घटिया सिमेंट का प्रयोग किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि सड़क बनने के लगभग 6 महीने के अंदर ही सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*662. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में सदर हॉस्पीटल, चकिया अनुमंडलीय हॉस्पीटल, अरेराज अनुमंडलीय हॉस्पीटल, केसरिया प्रा०स्वा० केन्द्र सहित अन्य कुल 9 जगहों पर माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह जी ने अपने सांसद कोष से जनवरी, 2014 को लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस जनहित में दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 6 माह बीत जाने के बाद भी अभीतक जिला सिविल सर्जन के उदासिनता के चलते उक्त एम्बुलेंस से कार्य नहीं लिया जा रहा है जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ही जनहित में एम्बुलेंस सेवा चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*663. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के अमैठी, पाचुपट्टी (धीरे) हरिपुर, नवादा रामपुर, बलहा, बाथो, लक्ष्मीपुर, सज्जनपुरा, मलौल अनुसूचित जाति टोल, देवराम, सझुआर, मुर्तुजापुर, रामनगर, डीह टोल, तरौनी एवं बहेड़ी प्रखंड के मधुबन (रघुनाथ मेडर) गाछी के बगल में नारायण दोहट, हावीडीह ग्राम का ट्राँसफॉर्मर विगत एक वर्ष से जला हुआ है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में जले ट्राँसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*664. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड के रामपुर, बीन टोली, सरेया, विधवलिया प्रखंड के कविरपुर, उज्जैन टोला, कुशहर, मंगोलपुर दक्षिण टोला, बैकुण्ठपुर प्रखंड के मुजा लम्बु सिंह के टोला, सफियाबाद चौहान टोला, खजुट्टी नोनिया टोला, चमनपुरा ग्रामों में ट्राँसफॉर्मर, पोल एवं तार लगाने हेतु मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत 12 जुलाई, 2013 को जिलास्तरीय चयन समिति में चयनित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 अक्टूबर में उपरोक्त सभी ग्रामों में ट्राँसफॉर्मर कार्यपालक अभियंता, विद्युत, गोपालगंज द्वारा आपूर्ति की गयी लेकिन पोल, तार एवं अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं कराये जाने से उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कार्य ठप पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोल, तार एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराकर उक्त ग्रामों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

डाक्टर की पदस्थापना

*665. <u>श्री (डॉ०) फैयाज अहमद</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, गाँधी नगर, सिमरी में डॉक्टर पदस्थापित नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ से वंचित होना पड़ रहा है जबकि उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन एवं डॉक्टर आवास भी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक डाक्टर पदस्थापित कर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दर्जा देना

*666. <u>श्री राजेश सिंह</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के समेरा बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल का दर्जा देने की घोषणा माननीय मुख्य मंत्री द्वारा वर्ष 2009 में किया गया था, यदि हाँ, तो उक्त अस्पताल को आजतक रेफरल अस्पताल का दर्जा नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

किट की व्यवस्था करना

*667. <u>श्री नितिन नवीन</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र म दिनांक 9 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "पी०एम०सी०एच० में जाँच के लिये सिर्फ दस किट" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित पी०एम०सी०एच० की स्थिति अत्यंत दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० में बच्चों के परिजनों को बाजार से दवा खरीद कर लाना पड़ रहा है तथा वार्ड का ए०सी० खराब रहने के कारण बीमार एवं वार्ड में भर्ती बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि माइक्रोबायोलॉजी के लैब में मात्र 10 किट बचे हुये हैं, इस किट से केवल जापानी इन्सेफलाइटिस की ही जाँच हो सकती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन्सेफलाइटिस जैसे भयंकर बीमारियों की जाँच हेतु पी०एम०सी०एच० में किट की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*668. <u>श्री गिरिधारी यादव</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के अंतर्गत तरैया राजस्व ग्राम के गोधा, टेकहा, बिछी बहियार, रटक रोहनियाँ, महुआ टाल गाँवों को विद्युतीकरण हेतु होने वाले सर्वे में छोड़ दिया गया जिसके कारण उक्त गाँवों का विद्युतीकरण नहीं हो सका, यदि हाँ, तो क्या सरकार छूट गये उपरोक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एक्शन प्लान का क्रियान्वयन

*669. श्री प्रेम कुमार--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''डेंगू के मरीज मिलेंगे तब होगी फॉगिंग'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग बरसात से पहले मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के लिये एक्शन प्लान बना चुका है, लेकिन पैसे की कमी के कारण सूबे के शहरों में फॉगिंग की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बरसात से पहले मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के लिये बने एक्शन प्लान को क्रियान्वयन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

तार बदलना

*670. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बैरिया प्रखण्ड स्थित भिटहाँ से गुलाब चौक होते हुये ओसवलिया तक जानेवाली विद्युत् तार बिल्कुल जर्जर हो गयी है जो कभी भी टूटकर गिर सकता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त जर्जर विद्युत् तार को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था

*671. श्री राम बालक सिंह --क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड के चांदचौर मध्य पंचायत के चपता मखनिया टोला में स्थित बी०पी०एल० परिवारों को आजतक राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत् विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई है एवं बी०पी०एल० परिवारों के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं जबकि 200 गज दूर नाजीरपुर पंचायत के बी०पी०एल० परिवारों को विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति करना

*672. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव विद्युत् ग्रिड से कहलगाँव विद्युत्-सब-स्टेशन, सन्हौला सब-स्टेशन एवं पीरपैंती विद्युत्-सब-स्टेशन में विद्युत् की आपूर्ति होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कहलगाँव ग्रिड स्टेशन से कुल 13-14 मेगावाट बिजली की ही आपूर्ति हो रही है जबकि उक्त ग्रिड की आवश्यकता 25-30 मेगावाट की है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कहलगाँव विद्युत् ग्रिड को आवश्यकता के अनुसार 30 मेगावाट विद्युत् की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण कराना

*673. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत सिसवन प्रखण्ड के चैनपुर में सरकारी अस्पताल अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का भवन पूर्णत: जर्जर स्थिति में है जिसके कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही उक्त अस्पताल के छत का प्लास्टर टूटकर अक्सर गिरता रहता है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित होने की आंशका व्याप्त रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का नया भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

वेतन का लाभ देना

*674. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में एम्स, नई दिल्ली के अनुरूप सेवाशर्त और वेतनमान लागू है;

(2) क्या यह बात सही है कि एम्स, नई दिल्ली के अनुरूप ओटोक्लेब ऑपरेटर का पद भी ओ० टी० असिस्टेंट के ही समक्ष है;

(3) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के ओटोक्लेब ऑपरेटर श्री पुना पासवान एवं अन्य को एम्स, नई दिल्ली के अनुरूप ओ०टी० असिस्टेंट के वेतनमान का लाभ दिलायी गई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई०जी०आई० एम०एस० के श्री पासवान सहित सभी कर्मियों को एम्स के अनुरूप वेतनमान का लाभ देने का इरादा रखती है ?

---------

क्षतिपूर्ति का भुगतान

*675. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के उग्रवाद, प्रभावित तिलौथु प्रखण्ड में 2013 के बाढ़ में किसानों के हजारों एकड़ आलू का फसल नुकसान हो गया था. यदि हाँ, तो अभीतक क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

स्वा० केन्द्र स्थापित करना

*676. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखण्ड का प्रखण्ड मुख्यालय गोड़ारी है, जो काराकाट से 8 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोड़ारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र दोनों संचालित है परन्तु काराकाट में एक भी स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं है जिससे ग्रामीण चिकित्सीय सुविधा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो प्रावधान के आलोक में काराकाट में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

पदस्थापित नहीं करने का औचित्य

*696. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, शीतलपुर का निर्माण वर्ष 2004 में 35 लाख रुपये की लागत से किया गया है परन्तु आजतक उक्त अस्पताल में न ही एक डॉक्टर और न ही एक नर्स का पदस्थापन किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कराना

*697. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत अमरा वृन्दावन सूर्यपराढ़ी व्रतियों के अर्घ्य देने का एकमात्र घाट है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सीढ़ीनुमा पक्का घाट का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन की मरम्मती कराना

*698. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के भुल्ली राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय का भवन जर्जर एवं दयनीय अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के भवन का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा।

पटना :
दिनांक 11 जुलाई, 2014(ई०)।

---

बि०स०मु०(एल०ए०)57-डी०टी०पी०-450